**Ref.No. NUJ/REG/2026-27/354(A)** **Date: 10/07/2026**

## महत्वपूर्ण सूचना

परीक्षा संबंधी समस्याओं के निराकरण के संबंध में

समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यह देखा गया है कि विद्यार्थी परीक्षा के दिन प्रवेश–पत्र (Admit Card), परीक्षा प्रपत्र (Examination Form), नामांकन (Enrollment), विषय पंजीकरण (Subject Registration), शुल्क संबंधी त्रुटियों अथवा अन्य परीक्षा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर अनावश्यक भीड़ एवं व्यवधान उत्पन्न करते हैं तथा कुलसचिव सचिवालय में व्यक्तिगत रूप से मिलने की मांग करते हैं, जिससे परीक्षा एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होती है।

अतः सभी विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि यदि परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसका निराकरण कराने हेतु परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि से कम से कम 02 से 05 दिवस पूर्व संबंधित अनुभागधविभाग में संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर लें।

महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. प्रत्येक विद्यार्थी परीक्षा से पूर्व अपना प्रवेश–पत्र, परीक्षा प्रपत्र, विषय विवरण, नामांकन एवं अन्य परीक्षा संबंधी अभिलेखों का स्वयं सत्यापन कर लें।
2. यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा समस्या हो तो उसे परीक्षा प्रारम्भ होने से 02 से 05 दिवस पूर्व संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करें।
3. परीक्षा के दिन किसी भी प्रकार की परीक्षा संबंधी समस्या का निराकरण नहीं किया जाएगा।
4. परीक्षा के दिन कुलसचिव सचिवालय अथवा किसी भी प्रशासनिक कार्यालय में समस्या के समाधान हेतु उपस्थित होकर अनावश्यक भीड़, शोर–शराबा अथवा व्यवधान उत्पन्न न करें।
5. विलंब से समस्या प्रस्तुत करने के कारण यदि विद्यार्थी परीक्षा से वंचित होता है अथवा अन्य किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो इसके लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

अतः सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी समस्त परीक्षा संबंधी औपचारिकताएँ समय रहते पूर्ण कर लें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

यह सूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा सभी विद्यार्थियों के लिए इसका पालन करना अनिवार्य होगा।

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR

कुलसचिव